**आवश्यकता है**
दैनिक गुरु एक्सप्रेस
आफिस में कार्य करने हेतु
युवक की आवश्यकता है।
वेतन योग्यता अनुसार
संपर्क
संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक
कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस
9425105928. 8319964648

डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/ म.प्र./ मन्दसौर/ 122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे
# गुरु एक्सप्रेस
सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल
वर्ष 18 | अंक 309 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | रविवार 25 अगस्त 2024 | मूल्य 2 रुपया




दूध का पानी करवाने में लगे जिम्मेदार नहीं कर रहे कार्रवाई...

# दूध के नाम पर बिक रहा 'पानी'!

## अब चाय में वो टेस्ट नहीं रहा, गोपालक कहते हैं शुद्ध चाय पीना है तो पालें खुद की गाय-भैंस



**मंदसौर, 24 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** जिस दूध को आप दैनिक जीवन के उपयोग में ले रहे हैं, उसे कुछ तथाकथित दूध विक्रेता मिलावट कर गोलमाल करने में लगे हैं। इस मिलावटी दूध से न केवल लोगों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है वरन् वे ठगे भी जा रहे हैं। अनेक विक्रेता दूध के नाम पर पानी बेच रहे हैं। उसमें भी मिलावट की जा रही है। अमानक व मिलावटी दूध के बेचने की बात इससे भी स्पष्ट होती है कि इस दूध से बनी चाय का टेस्ट भी वह नहीं रहा है जो पहले चाय पीने से आता था। अनजाने में और नासमझी में लोग दूध खरीद रहे हैं। इसकी शिकायत करने के लिए भी कोई भी आगे नहीं आ रहा है। यही कारण है कि मिलावटखोर बेरोकटोक दूध में मिलावट कर उसे बेच रहे हैं। बावजूद इसके खाद्य अधिकारी कानों में रुई डाल कर तमाशा देख रहे हैं। बता दें कि जिस तरह से चाय में पूर्व वर्षों वाला टेस्ट नहीं रहा है, उस तरह से गोपालकों का कहना है कि यदि किसी को पूर्व वर्षों वाली चाय का टेस्ट चाहिए तो उन्हें खुद ही गाय अथवा भैंस पालना पड़ेगी।

शहर हो या ग्राम सभी जगह मिलावटी दूध का धंधा चरम पर है। सुप्रीम कोर्ट ने दूध में मिलावट करने पर सजा देने का भी प्रावधान कर रखा है। लेकिन, स्थानीय स्तर पर आदेशों का मखौल उड़ाने में जिम्मेदार पीछे नहीं हट रहे हैं। खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत आने वाले दूध की सुरक्षा में लगे अधिकारी केवल मौखिक कार्रवाई कर रहे हैं। बता दें कि आज तक किन दूध विक्रेताओं को सजा हुई है और किन पर कार्रवाई हुई है, इसकी जानकारी जिम्मेदारों को होने पर भी वे बताने से गुरेज कर रहे हैं। ताकि फौरी तौर पर की गई कागजी कार्रवाई बाहर नहीं आ सके। बता दें कि जिम्मेदार निरीक्षकों द्वारा यदा-कदा ही कार्रवाई की जाती है, ताकि वरिष्ठ अधिकारियों को लगे कि वे जेब गरम करने के साथ ही मिलावटी खाद्य वस्तुओं की धरपकड़ में सक्रिय है। कागजी कार्रवाई को देखें तो सब कुछ अच्छा दिखेगा, लेकिन धरातल पर खाद्य सुरक्षा के नियमों की ऐसी धज्जियां उड़ रही है, जिसमें खुद सुरक्षा के लिए नियुक्त जिम्मेदार भी डूबकी लगा रहे हैं!

**मिश्रित दूध से कमजोर हो रहे लोग**–दूध में पानी मिलाने को छोड़ दें तो उसमें कई प्रकार की अन्य मिलावटें भी की जा रही है। इससे दूध अच्छा दिख रहा है और उसे ऊंचे दामों में बेचकर मोटा माल कमाया जा रहा है। मिलावटी व मिश्रित दूध को पीने से लोग कमजोर हो रहे हैं और बच्चों पर इसका विपरित असर पड़ रहा है।

**कई वर्षों में भी नहीं हुई शुद्ध जांच**–बताते हैं कि खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने बिते पांच सालों में मिलावटी दूध बेचने वाले दूध विक्रेताओं पर कार्रवाई नहीं की है। जहां कार्रवाई बताई जाती है, वहां असल में उसका उल्टा होता है। विभागीय लक्ष्य पूरा करने के लिए छोटे-मोटे दुकानदारों और दूध विक्रेताओं को पकड़ कर उन पर जुर्माना लगा दिया जाता है। इसके बाद तो हमेशा जेबें गरम करने का सिलसिला ही चला है, जो पांच साल बाद भी थमा नहीं है।

**पूर्व कलेक्टर स्वतंत्र सिंह ने अमूल दूध की करवाई थी सेम्पलिंग**–मंदसौर के पूर्व व चर्चित कलेक्टर रहे स्वतंत्र कुमार सिंह ने ऊपर के अधिकारियों के निर्देश पर ब्रांडेड कम्पनी अमूल दूध की भी सेम्पलिंग करवाई थी। माना गया था कि दूध में मिलावट की गई है। हालांकि, उस समय कलेक्टर स्वतंत्र सिंह का अनौपचारिक कहना था कि ऐसे लोग दूध में मिलावट कर मुनाफा कमाने से बाज नहीं आते हैं।

आठ साल बाद भी लाखों लोगों को है निर्माण कार्य का इंतजार, जनप्रतिनिधि भी असहाय...

# संजीत-गरोठ चंबल पुल हुआ भूल-भुलैया में तब्दील

## प्रोजेक्ट की मंजूरी के लिए नहीं बन पाई ठीक-ठाक रिपोर्ट, इस कारण अधूरा रह गया ख्वाब

**मंदसौर, 24 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** कई योजनाएं सिर्फ जनप्रतिनिधियों के फोटो खिंचवाकर शेखी बगारने तक सीमित रह गई। इसमें से एक है संजीत से गरोठ की तरफ बनने वाले चंबल पुल की योजना। बीते सालों में आधुनिक उपकरण नहीं होने की बात कहते हुए सेतु विकास निगम ने शासन को हाईटेक सर्वे को लेकर पत्र लिखा। इसके बाद सर्वे की स्वीकृति मिली। लेकिन इसके आगे फिलहाल बात नहीं बन पाई। जिले के करीब पद्रह लाख लोगों के साथ नीमच व राजस्थान के लाखों लोगों को मिलने वाली सुविधा का सपना पूरा नहीं हो पाया।

जिला मुख्यालय से चंबल पार बसे गरोठ, भानपुरा की दूरी करीब 40 किमी कम करने के लिए अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने सात साल पहले चंबल पर नए पुल का खाका तैयार करना शुरू किया था। तत्कालीन मंदसौर विधायक यशपालसिंह सिसौदिया, मल्हारगढ़ विधायक और केबिनेट मंत्री जगदीश देवड़ा, गरोठ विधायक चंदरसिंह सिसौदिया ने तत्कालीन कलेक्टर स्वतंत्र कुमार सिंह व अन्य अधिकारियों के साथ जून 2016 में संजीत के टिडवास, गरनई में चंबल के बैक वाटर क्षेत्र का निरीक्षण किया। जनप्रतिनिधियों ने सेतु विकास निगम अधिकारियों को टिडवास, गरनई से गरोठ की तरफ मोल्याखेड़ी तक चंबल पर ब्रिज बनाने के लिए सर्वे कर एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए। इस पर सेतु विकास निगम के अधिकारियों ने गर्मी में पानी कम होने पर सर्वे करने का प्लान बनाया लेकिन जलस्तर कम नहीं होने पर योजना ही धरी रह गई। इसके बाद चुनाव हो गए। गरोठ विधायक बदल गए तो कई राजनीतिक परिवर्तन हुए। दो-दो मंत्री जिले को मिले। इसके बाद भी अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की लापरवाही के चलते नए पुल का मामला आज भी अटका हुआ है।

**निरीक्षण किया, फोटो खिंचवाए और भूल गए जिम्मेदार**–राजस्थान से मप्र होते हुए गुजरात के लिए मार्ग खुलेगा। गरोठ, भानपुरा व राजस्थान की दूरी 40 किमी कम होगी। व्यापार व व्यवसाय बढ़ेगा। जिला मुख्यालय से ग्राम संजीत तक लोगों को होगा लाभ। संजीत क्षेत्र व गांधीसागर में पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा। यह सभी जनप्रतिनिधियों की भाषण की लाईनें थी। प्रोजेक्ट को लेकर जिन जनप्रतिनिधियों ने शुरुआत में खूब रुचि दिखाई। सर्वे के दौरान इसका निरीक्षण कर फोटो भी खिंचवाए। वे अब इसको भूल गए हैं। यहीं कारण रहा कि सिर्फ सर्वे की स्वीकृति तक ही मामला उलझा हुआ है।

**निगम ने बनाया था अनुमानित प्लान**–तत्कालीन कलेक्टर के निर्देश पर रतलाम सेतु विकास निगम अधिकारियों ने उस समय संजीत क्षेत्र की तरफ गरनई के आगे टिडवास से गरोठ तहसील के मोलाखेडी खुर्द तक अनुमानित 4.31 किमी लंबाई के पुल का खाका तैयार किया। इसके लिए अधिकारियों ने 430 करोड़ का प्रस्ताव रखा था। प्रोजेक्ट को स्वीकृति दिलाने के लिए आज तक सही रिपोर्ट नहीं बन पाई है।

# ब्याजखोरों से तंग आकर ललित ने की थी खुदकुशी, दो पर प्रकरण दर्ज

**मंदसौर, 24 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** नरसिंहपुरा में चारभुजा नाथ मंदिर के समीप किराए के मकान में रहने वाले ललित पिता भागीरथ कुमावत 42 वर्ष ने 29 जून को फंदे पर लटककर खुदकुशी की थी। कोतवाली पुलिस की जांच में दो लोगों पर प्रकरण दर्ज किया गया है, जिन्होंने ब्याजखोरी के चलते मृतक ललित को प्रताड़ित किया, जिस कारण से परेशान होकर उसने जीवनलीला समाप्त कर ली।




कोतवाली पुलिस के अनुसार मृतक ललित कुमावत ने आरोपी बने कमलेश सिंधी निवासी गोल चौराहा एवं अनिल से दो वर्ष पूर्व दो-दो लाख रूपए उधार लिए थे। दो वर्ष से वह ब्याज सहित रूपए दे रहा था। ब्याज अत्यधिक था। मृत्यु दिनांक से करीब छह महीने पूर्व रूपए नहीं अदा किए जाने की स्थिति में आरोपियों ने ललित की बाईक को भी कब्जे में कर लिया था। बार-बार रूपए मांगने के चलते ललित ने सीढ़ियों की रैलिंग से इलेक्ट्रीक तार के सहारे फंदा बनाकर खुदकुशी कर ली थी। पुलिस ने अब कमलेश व अनिल को आरोपी बनाया है, मामले में और जांच की जा रही है।

सोशल मीडिया पर गुणवत्ता पर लग रहे प्रश्न, नीमच में कार्रवाई, मंदसौर में शिथिलता...

# पेट्रोल पंपों पर जांच हेतु नौकरशाहों की जवाबदेही तय नहीं..!

## जिस ऑईल एजेंसी का आता है पेट्रोल, उसके सुपुर्द व्यवस्था, लेकिन भूमिगत

**मंदसौर, 24 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** सोशल मीडिया पर पेट्रोल पंपों की गुणवत्ता और कम पेट्रोल भरने की शिकायतें वायरल हो रही है। नीमच में इसके बाद कलेक्टर के निर्देश पर कारवाई हुई। मंदसौर का भी एक वीडियो वायरल हुआ, लेकिन इस मामले में प्रशासन ने कोई रुचि नहीं दिखाई। इसका कारण है कि कोई भी विभाग पेट्रोल पंप की जांच के लिए जिम्मेदार नहीं है। अभी तक जिला आपूर्ति विभाग द्वारा कार्रवाई की जाती थी। लेकिन जिला आपूर्ति विभाग से सूचना के अधिकार के तहत कार्रवाई की जानकारी मांगने पर साफ किया है कि वर्ष 2019 से मप्र मोटर स्पिरिट एवं हाई स्पीउ डीजलऑयल (अनुज्ञापन एवं नियंत्रण) आदेश 1980 का निरसन



होने से विभाग द्वारा पेट्रोल पंप का निरीक्षण नहीं किया जाता। अब प्रश्न यह उठ रहा है कि इसके लिए जिम्मेदार कौन है? लेकिन, यह भी सामने आ रहा है कि जिस ऑईल कंपनी के अधिकरण में पम्प है, उसके सुपुर्द व्यवस्था है, लेकिन यह भूमिगत बनी हुई है।

**कहां और किससे करें शिकायत, अनजान सभी**–जिले के कुछ पेट्रोल पंपों पर मिलावट के साथ कम पेट्रोल डीजल देने के आरोप भी लगते रहे हैं। लेकिन प्रश्न यह उठता है कि इसकी शिकायत कहा करें? कम पेट्रोल देने के लिए नापतौल विभाग कार्रवाई का अधिकार रखता है। लेकिन अभी तक कोई जांच पड़ताल विभाग के अधिकारियों ने नहीं की। हाल ही में एक पेट्रोल पंप पर कम पेट्रोल भरने का मामला वायरल हुआ। इसके बाद पंप संचालक ने भी सोशल मीडिया पर सफाई दे दी। मतलब शिकायत और जांच सब सोशल मीडिया पर आकर खत्म हो गई।

**25 एमएल में लगती है दो रुपये की चपत**–पेट्रोल देते समय सेल्समैन पंप का मीटर ऑन करते हैं। इसके बाद गाड़ी की टंकी में नोजल डालकर वे लीवर को दबाते या झटका देते हैं। इससे वैक्यूम हो जाता है और पाइप में 20-50 एमएल पेट्रोल रह जाता है, दूसरी ओर मीटर रीडिंग जारी रहती है। एक लीटर पेट्रोल भरते समय अगर कहीं सिर्फ 25 मिलीलीटर की चोरी होती है तो उपभोक्ता को दो रुपये की चपत लगती है। दिनभर में इस तरह सैकड़ो लोगों की जेब कटती है व हजारों रुपये का नुकसान हो जाता है।

**मीटर तेज भागे तो समझो दाल में है काला**–उपभोक्ता की तरफ से बताई गई पेट्रोल की मात्रा लिहाज से मीटर काफी तेज चल रहा हो तो समझ जाना चाहिए कि कुछ गड़बड़ी है। ऐसे में पेट्रोल पंप कर्मी से मीटर की स्पीड कम करने की मांग की जा सकती है। कुछ पेट्रोल पंप की मशीनों में दिक्कतें होती हैं जो ग्राहकों के पकड़ में नहीं आती हैं। इस मशीनों से पेट्रोल भरने के दौरान यह बार-बार रुकता है, इससे नुकसान होता है।

**बदलती संख्या वाले एमाउंट में डलवा सकते हैं पेट्रोल**–कई बार कुछ पेट्रोल पंप वाले मशीनों से छेड़छाड़ कर उन्हें तेज कर देते... **शेष पेज 4 पर**

# सर्पदंश से 28 वर्षीय युवती की मृत्यु

**मंदसौर, 24 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** सर्पदंश से शनिवार शाम को 28 वर्षीय एक युवती की बड़े अस्पताल में मृत्यु हो गई। युवती का आज रविवार को पीएम करवाया जाएगा। पुलिस के अनुसार पूजा बाई पति अनिल मेघवाल 28 वर्ष रतलाम जिले के रिंगनोद थाने के तहत ग्राम पिपलिया जोधा की रहने वाली है। गांव में वह अपने घर के बाहर गृह कार्य कर रही थी, इस दौरान सांप ने उसे डस लिया। परिजन शाम को उसे लेकर बड़े अस्पताल मंदसौर लाए, यहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस द्वारा मामले में पीएम करवाकर मर्ग कायम कर जांच शुरू की जाएगी।

# रलायता के तालाब में डूबने से बालक की मृत्यु

**मंदसौर, 24 अगस्त गुरु एक्सप्रेस। यशोधर्मन नगर थाने के तहत ग्राम रलायता में स्थित तालाब में डूबने से एक 15 वर्षीय बालक की मृत्यु हो गई है। शनिवार रात्रि में बालक को तालाब से निकालकर ग्रामीण बड़े अस्पताल लेकर आए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।**

पुलिस के अनुसार 15 वर्षीय बालक गणेश पिता कचरुलाल भांबी मारू ग्राम रलायता में अपने घर से दोपहर में गया था। रलायता गांव में ही बने तालाब में वह डूबा मिला है। बताते हैं कि तालाब के समीप ही बालक गणेश का खेत भी था। संभवतः खेत पर जाने के पूर्व या बाद में वह नहाने के चलते तालाब में गया होगा, जहां पैर फिसलने से वह डूब गया। इसे पूर्व जब बालक लम्बे समय तक दिखाई नहीं दिया तो शंका हुई। परिजन व ग्रामीण उसे ढूंढने में लगे। थाने में गुमशुदगी शिकायत की गई। इस दौरान ग्रामीण बालक गणेश को ढूंढते रहे। तालाब के यहां जाकर ठीक से देखा तो गणेश मिल गया। उसे बड़े अस्पताल लाए, जहां मृत घोषित होने पर आज सुबह पीएम करवाया जाएगा।

# खजूरी आंजना का तालाब लबालब, पाल से चादर चली

**मंदसौर, 24 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** ग्राम खजुरी आंजना व आसपास में बीते 2 दिन से तेज व मूसलाधार बारिश को लेकर खजूरी आंजना का तालाब लबालब हो गया है। इसके चलते तालाब की पाल पर बनी पुल से पानी ओवरफ्लो होकर बहने लगा इस बारिश के सिजन में पहली बार तालाब की पाल से चादर चली है, यहां पानी बहते हुए देख लोग काफी खुश नज़र आए।



**शहर में रुक-रुकर हुई बारिश, आज से स्ट्रॉन्ग सिस्टम**–शहर में शनिवार को सुबह से जिले में रुक-रुक कर कहीं तेज तो कहीं रिमझिम बारिश का दौरा बना रहा। शनिवार को जिले में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव हो गया है। अब अगले दो-तीन दिन बारिश के आसार हैं। बीते 24 घंटों में जिले में औसत पौन इंच बारिश बारिश होने पर औसत बारिश साढ़े 23 इंच तक पहुंच गई है।

कईयों पर लगे आरोप, बताया मौत का गुनहगार...

# डॉक्टर ही करते जांच, नहीं आती कोई आंच!

**मंदसौर, 24 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** शामगढ़ में नसबंदी के दौरान पेट में कैंची छोड़ने का आरोप डॉक्टर पर लगे हैं। ऑपरेशन दस साल पहले किया गया था। लेकिन, अब जब इसकी जानकारी मिली तो विधायक, सीएमएचओ और कलेक्टर को शिकायत की गई। यह पहला मामला नहीं है जब किसी चिकित्सक पर आरोप लगे हो। शिकायत और उसके बाद जांच, सिर्फ यहीं तक कार्रवाई सीमित रहती है। इसका कारण है कि डॉक्टर पर आरोपों की जांच डॉक्टर ही करते हैं।

इलाज के दौरान यदि डॉक्टर की गलती से किसी मरीज की मौत हो जाती है तो आप उनकी शिकायत तो कर सकते हैं लेकिन कार्रवाई की उम्मीद छोड़ दीजिए। दरअसल डॉक्टर द्वारा की गई गलती की जांच भी डॉक्टर ही करते हैं। आपसी सांठगांठ के चलते डॉक्टर या तो जांच सही नहीं करते या फिर तकनीकी शब्दों का प्रयोग कर जांच प्रभावित करते हैं। स्थिति यह है कि कलेक्टर भी इस मामले में कुछ नहीं कर सकते। अब तक कई शिकायतें भोपाल तक पहुंच चुकी है। इसके बाद भी किसी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। जांच के बाद रिपोर्ट तैयार होती है तो डॉक्टरों के पक्ष में ही होती है।

**अभी यह आया मामला सामने...**

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शामगढ़ अस्पताल में नसबंदी के दौरान कैची पेट में छोड़ने का मामला सामने आया है। जिसमें सीमा पति निलेश हरगौड़ निवासी सीतामऊ ने 4 दिसंबर 2014 को मेडिकल ऑफिसर डॉ राकेश पाटीदार ने नसबंदी का ऑपरेशन किया था। डॉ संजय शर्मा ने 12 जनवरी 2015 को फीट होने का प्रमाण पत्र देकर रवाना कर दिया। इस दौरान कैची पेट में रह गई। दस साल तक कई शारीरिक पीडि झेली और उपचार कराया। तीस जुलाई 2024 को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सीतामऊ पर एक्सरे के दौरान पेट में कैची होना सामने आया। पीडिता का कहना है कि दस साल की अवधि में उसने कोई दूसरा ऑपरेशन नहीं कराया।

**ये तीन प्रकरणों में जांच पर नहीं आई आंच– ✻ केस-1–** 3 अप्रैल 2022 को प्रतापगढ़ जिले के गांव आटावता निवासी सोहेल पिता हमीद खां 21 वर्ष की नारकोटिक्स विंग की हिरासत में मौत हो गई। परिजन के विरोध के बाद मामले में मजिस्ट्रियल जांच हुई। इसमें जांच अधिकारी खुद न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी समीर मिश्रा थे। उनके प्रतिवेदन के आधार पर पुलिस ने नारकोटिक्स एसआई राजमल दायमा, आरक्षक प्रशांत कैथवास, कमल पटेल व सरकारी डॉ. बी.एस. कटारे के खिलाफ केस दर्ज किया। सभी डॉक्टर ने इसका भी विरोध किया। तत्कालीन सीएमएचओ ने जारी बयान में कहा था कि पीएम पैनल की रिपोर्ट को कोई मजिस्ट्रेट चैलेंज नहीं कर सकता। उनके अनुसार पैनल पीएम की रिपोर्ट को केवल मेडिकल कॉलेज ही चैलेंज कर सकता है। कोई मजिस्ट्रेट उसमें जांच कर सिद्ध नहीं कर सकता कि लापरवाही की गई है। मामले में डॉ. कटारे को दंड से बचाने के लिए अशुद्ध अभिलेखन, अपराध के साक्ष्य का विलोपन करने के लिए गलत जानकारी देने का दोषी माना था।

**✻ केस-2–** 11 जुलाई 2022 को गुर्जर बर्डिया निवासी रेखा पति नागेश्वर की जिला अस्पताल में मौत हो गई। उनकी 3 जुलाई 2022 को ही जिला अस्पताल में डिलेवरी हुई थी। इस दौरान गलत कॉपर-टी लगा दी। इसका खुलासा एक्सरे देखकर डॉ. मीना वर्मा ने किया। जबलपुर की सेवानिवृत्त चिकित्सक व गायनेकोलॉजिस्ट शारदा मिश्रा ने भी इस पर संदेह जताया। मामला गर्माने पर सिविल सर्जन डॉ. डी.के. शर्मा ने परिजन से लिखित शिकायत ली। तत्कालीन कलेक्टर गौतम सिंह ने जिला पंचायत के साथ जिला अस्पताल की मेटरनिटी वार्ड प्रभारी प्रमिला राठौर को जिम्मेदारी सौंपी। जांच करने की जगह डॉ. राठौर छुट्टी लेकर चली गई। इसके चलते तकनीकी सहयोग नहीं मिला। कलेक्टर को मजबूरन मामला आयुक्त स्वास्थ्य सहसचिव डॉ. सुदाम खाड़े को भेजना पड़ा। इसके बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया।

**✻ केस-3**-27 सितंबर 2022 को निरधारी निवासी रवीना पति अमित चौहान ने कलेक्टर को लिखित शिकायत की। बताया कि 13 अगस्त 2022 को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन उन्हें मंदसौर स्थित आरके हॉस्पिटल लाए। यहां डॉ. मधु जैन ने जांच की। उन्होंने अस्पताल में भर्ती करा लिया। यहां उन्होंने एक इंजेक्शन लगाया जिसके बाद ब्लीडिंग होने लगी। इस पर इंदौर रेफर कर दिया। जब इंदौर के अस्पताल में इलाज कराया तो वहां पता चला बच्चे की सुबह ही मौत हो गई है और शरीर में जहर फैल गया है। वहां। वहां के डॉक्टरों ने बताया कि हालात डॉक्टर द्वारा गलत इंजेक्शन लगाने से बने हैं। मामले को लेकर तत्कालीन कलेक्टर ने जांच सीएमएचओ कार्यालय भेजी। बस जांच शिकायत में ही मामला ठंडा पड़ गया।

छठवीं
पुण्यतिथि





श्री रामचन्द्रजी पंवार टेलर
(दलाल साब) स्वर्गवास 25-8-2018
छठवीं पुण्यतिथि पर
हार्दिक नमन, अश्रुपूरित श्रद्धांजलि
✻✻✻✻✻- श्रृद्धावनत- ✻✻✻✻✻
कान्ता बाई पंवार (धर्म पत्नी)
सुपुत्र – कुशाली लाल–आशा पंवार
दिनेश –कविता पंवार
निहालचंद– रेखा पंवार
सुपुत्री– सुशीला–विनोद जी पालीवाल रलायता
विमला– चन्द्रशेखर जी परमार देवगढ राज.
गीता–श्यामसुन्दर जी पालीवाल रलायता
सुपौत्री व सुपौत्र– कविता–विनित जी गोयल इन्दौर, संध्या– गौरवजी सोलंकी दाहोद, अंजली, चेतन सोलंकी प्रतापगढ़, कुमकुम, हर्षिता, राहुल–टीना, सुजल पंवार, तनिष्का, दक्षित, मितांश, कृष्ठि,
भाणेज - शानु, दिव्या, बुलबुल, सनी, चिनु, क्रर्ष्टि, आदेश गोयल, गौरा एवं समस्त पंवार परिवार दलौदा चौपाटी
फर्म– ✻ राहुल ट्रेडर्स, ✻ तिरुपति प्रापर्टी ब्रोकर्स दलौदा,
✻ जय अम्बे टाईल्स, दलौदा चौपाटी

# महिलाओं की सुरक्षा में लापरवाही...









आज का राशिफल

वर्ग पहेली 5471

सुडोकू पहेली क्रमांक- 2336

सुडोकू हल क्र. 2335

# हमें लोगों को सदस्यता दिलाकर जोड़ना है, तोड़ना नहीं-बंसल

## गुर्जर, डग, सिसौदया, चावला, पाटीदार ने की सहभागिता, संगठन पर्व 2024 भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर जिला बैठक सम्पन्न

**मंदसौर, 24 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, प्रदेश भाजपा संगठन प्रभारी महेंद्र सिंह एंव सह प्रभारी सतीश उपाध्याय, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, प्रदेश सदस्यता अभियान प्रभारी एंव विधायक भगवानदास सबनानी के निर्देशानुसार मंदसौर जिले में भाजपा सदस्यता अभियान की आवश्यक बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया की अध्यक्षता एंव मुख्य वक्ता पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष उज्जैन श्याम बंसल, भाजपा जिला संगठन प्रभारी गोपीकृष्ण नेमा के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई। बैठक में मंच पर राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, विधायक हरदीप सिंह डंग, चंदरसिंह सिसौदिया, पूर्व मंत्री कैलाश चावला, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार की गरिमामय उपस्थिति रही। बैठक का शुभारंभ पं.दीनदयाल उपाध्याय एंव डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। तत् पश्चात मंचस्थ अतिथियों का स्वागत भाजपा जिला पदाधिकारियों द्वारा किया गया।



बैठक संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता एंव पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम बंसल ने कहा की भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित दल है। प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करते हुए सदस्यता अभियान के लक्ष्य को पूर्ण करते हुए अपने जिले में भाजपा की ताकत को प्रत्येक बूथ पर मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज दुनिया की सबसे बडी पार्टी बन गई है पूरे भारत में 18 करोड़ से अधिक पार्टी के सदस्य है हमें और अधिक नए सदस्यों को प्रत्येक अपने विचारधारा परिवार वाले लोगों के बीच पहुंचकर नए सदस्य जोडें जिसमें युवाओं महिलाओं किसानों एवं सर्व समाज के लोगों को पार्टी से जोड़ने का कार्य करें। हमे लोगो को जोड्ना है, तोड्ना नही, जो विरोधी है उसका भी बाहे फैलाकर स्वागत करना है। हमे अपने मतदाताओं और विरोधियों दोनो को पार्टी का सदस्य बनाना है। जो एक बार भाजपा का सदस्य बन जायेगा वह पार्टी के लिए लगातार काम करेगा क्योकि भाजपा का सदस्य किसी भी काम को मिशन के रुप मे काम करता है। जब हम किसी को भाजपा का सदस्य बनाने जाएगे तो वह अवश्य ही पार्टी का सदस्य बनेगा क्योकि केन्द्र व राज्य सरकार की योजना चल रही है जिनका लाभ सभी को मिल रहा है।

भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने मंदसौर जिले में संगठन पर्व के रूप में मनाये जाने वाले सदस्यता अभियान 2024 की सम्पूर्ण कार्ययोजना से मंचस्थ अतिथिगणों के साथ उपस्थित कार्यकर्ताओं को जानकारी देते हुए कहा की भारतीय जनता पार्टी का यह अभियान सर्वस्पर्शी,सर्वव्यापी और सर्वसमावेशी होगा। इस अभियान के दौरान शीर्ष स्तर से लेकर बूथ स्तर तक, प्रदेश के हर भौगोलिक क्षेत्र के लोगों को पार्टी से जुड़ने का अवसर प्रदान किया जाएगा। मंदसौर जिले में यह अभियान सर्वसमावेशी भी होगा, जिसमें समाज के हर वर्ग को पार्टी के साथ जोड़ा जाएगा युवाओं, महिलाओं, अनुसूचित जाति, जनजाति, डॉक्टर, कलाकार, खिलाड़ी आदि सभी वर्गों के लोगों तक पार्टी कार्यकर्ता पहुंचेंगे और उन्हें पार्टी से जोड़ेंगे। श्री अटोलिया ने कहा कि पार्टी ने विधानसभा और लोकसभा चुनाव परिणामों के दृष्टिगत हर बूथ का विश्लेषण किया है और इस अभियान के दौरान हम कमजोर और मजबूत हर तरह के बूथों पर फोकस करेंगे। आज जिला बैठक के बाद 25, 26, 27 अगस्त को मंदसौर जिले के सभी मंडलो की कार्यशाला सम्पन्न होगीं। जिसमें एक मुख्य वक्ता और दो प्रभारियों को इस सदस्यता अभियान हेतु जिला भाजपा से भेजा जायेगा। इसके बाद 31 अगस्त को जिले के सभी 1137 बूथों पर एक ही दिन सदस्यता अभियान कार्यशाला सम्पन्न होगी। सदस्यता अभियान विभिन्न चरणों में संचालित होगा। जिसकी जानकारी पत्रक के माध्यम से सभी मंडल अध्यक्षों को भेजी जा चुकी है। कार्यशाला का संचालन भाजपा जिला महामंत्री राजेश दीक्षित ने किया एंव आभार अजय तिवारी ने माना। बैठक में सदस्यता अभियान का डीजिटल प्रशिक्षण आईटी पदाधिकारी इन्द्रजीत भट्टद्वारा दिया गया। बैठक में भाजपा जिला स्थाई आमंत्रित सदस्य राधेश्याम पाटीदार, बाबूलाल चौहान, निहालचंद मालवीय, मनोहरलाल जैन, अनिल कियावत, मुकेश काला, भाजपा जिला महामंत्री गण विजय अठवाल, गणपत सिंह आंजना, राजेश दीक्षित, धीरज पाटीदार, मानसिंह माछौपुरीया, कारूलाल सोनी, राजेंद्र सुराणा, प्रितेश चावला, सुरेंद्र सिंह खेजडिया, जिला पदाधिकारीगण राजेश सेठिया, राजेश नामदेव, राजेश पालीवाल, शिवराज सिंह राणा, हितेश शुक्ला, राजु चावला, राजकुमार गुप्ता, नरेंद्र पाटीदार, अजय तिवारी, दिलीप सिंह तरनोद, शांता वेद, जिप. उपाध्यक्ष मनुप्रिया यादव, नपा.अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, पारस मावर, नरेश चंदवानी, अजय सिंह चौहान ,जितेन्द्रसिंह चौहान, भोपालसिंह सिसोदिया, अंकित सोनी, राहुल मुजावदिया, निलेश जैन, सुभाष गंगवाल, विनय धनगर, जितेन्द्र शर्मा, मोर्चा जिलाध्यक्षगण रणजीतसिंह चौहान, विक्रमसिंह चौहान, अशोक सूर्यवंशी, निर्मला गुप्ता, सुनिल पटेल, पुलकित पटवा, विजय सुराना, आशीष गौड़, कपिल भंडारी, जनपद अध्यक्ष बंसत शर्मा, पूर्व जनपद अध्यक्ष शांतीलाल मालवीय, मंडल अध्यक्षगण सौदानसिंह गुर्जर, अभिषेक मांदलिया, उमरावसिंह चौहान, चन्द्रप्रकाश पंण्डा, राजमल सुरावत, धीरज संघवी, नेपालसिंह चौहान, ओमप्रकाश परमार, लालसिंह देवड़ा, भारतसिंह डांगी, जीवन शर्मा, सांमतसिंह शक्तावत, जितेन्द्र जाट, राजेन्द्रसिंह परिहार, विकास सुराणा, ईश्वरसिंह पंवार, अरविन्द सारस्वत, अजय आसेरी सहित मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारीगण, मंडलो के पदाधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक समाप्ति पर सामूहिक राष्ट्रगान हुआ। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी।



# विश्व हिन्दू परिषद सेवा विभाग ने किया छड़ी पूजन का भव्य आयोजन किया

**मंदसौर, 24 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग मंदसौर द्वारा स्थानीय स्नेह नगर में अमलेश्वर राय बालाजी मंदिर के सामने जिला सेवा प्रमुख विनोद जाट के निवास स्थल पर जिला सेवा प्रमुख विनोद जाट, नगर सेवा प्रमुख शुभम तरवेचा, नरेन्द्रसिंह तोमर के नेतृत्व में छड़ी पूजन का भव्य आयोजन किया गया।

जिला सेवा प्रमुख विनोद जाट ने बताया कि वाल्मीकि समाज द्वारा परम्परा अनुसार प्रतिदिन छड़ी पूजन का आयोजन किया जा रहा है। उसी के अंतर्गत विश्व हिन्दू परिषद सेवा विभाग द्वारा सामाजिक समरसता के तहत छड़ी पूजन का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। इस आयोजन में मंदसौर नगर के विभिन्न क्षेत्रों से समस्त छड़ियां पधारी जिनका पूजन उपस्थितजनों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रांत के अधिकारी गुरुचरण बग्गा, सामाजिक समरसता के प्रकाश पालीवाल, विभाग विशेष संपर्क प्रमुख प्रदीप चौधरी, लक्की बाड्रोलिया, जिलाध्यक्ष प्रवीण मंडलोई, उपाध्यक्ष हरीश टेलर, जिला मंत्री हेमंत बुलचंदानी, नगर जिला अध्यक्ष कन्हैयालाल सोनगरा, नगर मंत्री गौरव शर्मा, नगर सेवा प्रमुख शुभम तरवेचा, जिला सेवा टोली के नरेंद्र सिंह तोमर कमलेश मेहता, नरेंद्र मालवीय, नरेश परमार, अरूण सोनी, विजय नागर, सूरज कुमावत, पिंकेश पोरवाल जिला समरसता विभाग के जिला प्रमुख रूपनारायण मोदी, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग, जिला एवं नगर के पदाधिकारीगण व स्वयं सेवक, धार्मिक उत्सव समिति के विनोद मेहता, विनय दुबेला, वरदीचंद कुमावत, सुभाष गुप्ता, जिला धार्मिक उत्सव समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य व कॉलोनी के सभी भक्तगण आदि ने उपस्थित रहकर भव्य तरीके से छड़ी पूजन व आरती कर धर्मलाभ लिया।

# कबीर स्कूल में मची भगवान विष्णु के आठवें अवतार श्री कृष्ण के जन्मोत्सव की धूम

**मंदसौर, 24 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** शनिवार 25 अगस्त को शिक्षण संस्था कबीर इंटरनेशनल स्कूल में भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के आरंभ में विद्यालय के डायरेक्टर डॉक्टर कमलेश पमनानी और मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती कोमल परमार ने कृष्णलला का विधिवत पूजन किया। तत्पश्चात सभी छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों ने मिलकर भगवान कृष्ण की आरती की। फिर सांस्कृतिक कार्यक्रम आरंभ हुए। कार्यक्रम की श्रृंखला में सर्वप्रथम कक्षा नवी के छात्र धर्मांशु राठौड़ ने अपने भाषण के माध्यम से कृष्ण लला के जीवन पर प्रकाश डाला तथा कक्षा आठवीं और दसवीं के छात्र-छात्राओं ने एक बहुत सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी। जिसके बोल थे ''गोविंदा आला रे आला'। इसके पश्चात कक्षा सातवीं की छात्रा काव्या पुरोहित व कक्षा आठवीं के छात्र सार्थक गुप्ता ने एक बहुत मनमोहक गीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में चहुं ओर कृष्ण लला की जय जयकार गूंजने लगी। कृष्ण भक्ति में हर कोई सराबोर नजर आया। तत्पश्चात कृष्ण जन्माष्टमी की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी दही हांडी का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। बच्चों ने बड़े-बडे पिरामिड बनाकर कई फीट उंची बंधी मटकी को फोड़ कर बहुत आनंद लिया। विद्यालय के डायरेक्टर डॉक्टर कमलेश जी पमनानी ने सभी को जन्माष्टमी पर्व की बधाई दी तथा बच्चों के अदभुद प्रदर्शन की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन कक्षा नवी की छात्रा सोनाक्षी पाटीदार ने किया।



# खुले बोरवेल में दुर्घटना होने पर होगी एफआईआर

## बचाव कार्य की राशि भी ड्रिलिंग एजेंसी एवं भूमि स्वामी से वसूली जाएगी

**नीमच, 24 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** 2024 खुले बोरवेल (नलकूप) में इंसानों के गिरने से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए, राज्य सरकार द्वारा मध्यप्रदेश खुले नलकूप में इंसानों के गिरने से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सुरक्षा अधिनियम-2024 बनाया गया है जो क्रियाशील हो चुका है। इस अधिनियम में यदि बोरवेल (नलकूप) के ड्रिलिंग के समय ड्रिलिंग एजेंसी द्वारा समुचित सुरक्षा उपाय नहीं किए जाने और दुर्घटना की स्थिति में ड्रिलिंग एजेंसी के साथ ही भूमि स्वामी के विरूद्ध दंडात्मक कार्रवाई करने के प्रावधान हैं।

**सुरक्षात्मक उपाय में लापरवाही पर 25 हजार तक का लगेगा जुर्माना –** ड्रिलिंग एजेंसी या भूमि स्वामी की लापरवाही के कारण कोई दुर्घटना होने पर ड्रिलिंग एजेंसी एवं भूमि स्वामी के विरूद्ध एफ.आई.आर. दर्ज की जाएगी। ड्रिलिंग एजेंसी एवं भूमि स्वामी यदि सुरक्षात्मक उपाय के निर्देश का अनुपालन करने में असफल रहते हैं तो प्रथम अपराध के लिए रूपए 10 हजार तक एवं प्रत्येक पश्चातवर्ती अपराध के लिए रूपए 25 हजार रुपये तक का जुर्माना देना होगा। साथ ही दुर्घटना या मृत्यु की स्थिति में दोषसिद्धि पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 100, 105, 106 तथा 110 के प्रावधान अनुसार दण्डित किया जाएगा। दुर्घटना के दौरान किसी व्यक्ति के बचाव के लिए उपगत व्यय, ड्रिलिंग एजेंसी या भूमि स्वामी से वसूल किया जाएगा। इस अधिनियम के अधीन पारित किसी आदेश के विरुद्ध 30 दिन की अवधि में अपील की जा सकेगी।

**निष्क्रिय बोरवेल को 3 माह के अंदर बंद करना होगा–** ड्रिलिंग एजेंसी को बोरवेल/नलकूप की ड्रिलिंग के पूर्व निर्धारित वेब पोर्टल पर डाटा भरकर ड्रिल करने के लिए अनुज्ञा प्राप्त करनी होगी। ड्रिलिंग एजेंसी को ड्रिलिंग स्थल, भूमि स्वामी के संबंध में संपूर्ण जानकारी देना होगा। ड्रिलिंग के दौरान और उसके पूर्ण होने के बाद सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित करना होगा। निष्क्रिय बोरवेल(नलकूप) को 3 माह के अंदर भूमि स्वामी द्वारा बंद करना होगा। भूमि स्वामी या ड्रिलिंग एजेंसी सक्षम प्राधिकारी के निर्देश पर बोरवेल(नलकूप) में कैप नहीं करते हैं तो कैप करने में उपगत व्यय वसूला जाएगा।

**शिकायतकर्ता के लिए पुरस्कार का भी प्रावधान–** खुले बोरवेल (नलकूप) में सक्षम अधिकारी स्वयं अथवा किसी व्यक्ति द्वारा रिपोर्ट या शिकायत प्राप्त होने पर संज्ञान ले सकेंगे। शिकायत सत्य पाये जाने पर शिकायतकर्ता को पुरस्कृत करने का भी प्रावधान अधिनियम में शामिल है।

# सद् गुरू स्वामी शांतिप्रकाश महाराज के जन्मोत्सव पर सत्संग सभा हुई

**मंदसौर, 24 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** श्री प्रेम प्रकाश पंथ के तृतीय पीठाधीश्वर सद्गुरु स्वामी शांतिप्रकाश महाराज प्रेम के अवतार थे। आप श्री ने हर मनुष्य में भगवान का स्वरूप देखा, आपका जीवन समाजसेवा, गरीब, बेसहारा, निर्धन व्यक्तियों एवं गौमाता की सेवा के लिये समर्पित था।



यह अमृतमयी उद्गार संतश्री शंभूलालजी प्रेम प्रकाशी ने श्री प्रेम प्रकाश आश्रम में सद्गुरु स्वामी शांतिप्रकाश महाराज के 128 वे जन्मोत्सव एवं वर्सी उत्सव के अवसर पर आयोजित सत्संग सभा में उपस्थित संगत के बीच व्यक्त किये। संत श्री शुभलाल ने कहा कि जब देश में गो- माता की हत्या को लेकर जेल भरो आंदोलन हो रहा था तब सभी मर्यादाओं को तोड़कर स्वामी शांतिप्रकाशजी महाराज ने उस आन्दोलन में हिस्सा लिया था। तब आपने कहा मेरा जीवन गौ माता के लिये समर्पित है। आपने अनेक स्थानों के साथ-साथ कल्याण मुम्बई में जनसेवा के लिये धर्मशाला गौशाला, नारी शाला एवं बुजुर्गों के लिये विशाल स्थानों का निर्माण किया जो आज भी फल फूल रहे है। संत श्री ने स्वामीजी के जीवन के अनेक चमत्कारी जीवन लीलाओं को आपने भजनों एवं प्रवचन के माध्यम से बतलाते हुए कहा कि आपका अवतार अविभाजित हिन्दुस्तान के छोटे से गांव चक में हुआ। 11 वर्ष की अल्प आयु में बडी माता बीमारी में आपके नेत्रो की ज्योति चली गई किन्तु आचार्य सद्गुरू स्वामी टेउँरामजी महाराज की कृपा दृष्टि एवं आशीर्वाद से अंतरआत्मा की ज्योति ऐसी प्राप्त हुई कि आप किसी भी भक्त से पांच वर्ष बाद भी मिलते थे तो स्वामी केवल उसकी आवाज से ही उसका नाम लेकर हाल चाल जान लेते थे। स्वामीजी के जीवन में त्याग, तपस्या एवं सेवा की भावना अटूट थी।

संत श्री ने कहा कि स्वामी शांति प्रकाश महाराज के 128 वें जन्मोत्सव से हम यही प्रेरणा लेवे कि सद्गुरू एवं महात्माओं की सेवा में हमें अहंकार न आवे, निस्वार्थ सेवा ही श्रेष्ठ सेवा है। संतश्री ने जन्मोत्सव एवं वर्सी उत्सव पर श्रीमद् भागवत गीता एवं श्री प्रेमप्रकाश ग्रंथ के पाठों का भोग सम्पन्न किया। इस पावन अवसर पर नन्दू आडवानी, दृष्टानन्द नैनवानी, वासुदेव सेवानी, ताराचंद जैसवानी,सुरेश बाबानी, दयाराम जैसवानी, नारायण शिवानी, मोहनदास फतनानी, हरिश उत्तवानी, गिरीश शिवानी, सुंदर आसवानी, देवीदास प्रदनानी, बाबू श्यामयानी, चंदीराम चंदानी, किशन लालवानी, जयकुमार जैसवानी आदि उपस्थित थे। अंत में सुख समृद्धि एवं अंचल में अच्छी बारिश का पल्लव पाकर सत्संग सभा समाप्त की गई। प्रसादी भण्डारे का भी आयोजन किया गया। आभार प्रदर्शन पुरुषोत्तम शिवानी एवं श्रीमती पुष्पा पमनानी ने प्रकट किया।

# 25 अगस्त से 8 सितम्बर तक आयोजित नेत्रदान पखवाड़े में सभी नेत्रदान का संकल्प लें-पाण्डेय

**मंदसौर, 24 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** भारत में पिछले 39 वर्षों से नेत्रदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसके बारे में फैली भ्रांतियों को दूर करने के लिए पूरे देश में 25 अगस्त से 8 सितंबर के बीच राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा मनाया जाता है। इस नेत्र पखवाड़े में सभी लोगों को नेत्रदान का संकल्प लेकर जरूरतमंदों को रोशनी देने का महादान करना चाहिए।



उक्त बात सक्षम के मालवा प्रांत सचिव रविन्द्र पाण्डेय ने कहते हुए बताया कि आंखों के अभाव में जीवन कितना मुश्किल हो सकता है इसकी कल्पना हम कुछ मिनट अपनी आंखें बंद करके कर सकते हैं। व्यक्ति की आंखें न केवल जीवनभर उसे प्रकाश देती हैं वरन मरने के बाद किसी और की जिंदगी का अंधेरा भी दूर कर सकती हैं। यह अंधेरा कैसे मिटाया जा सकता है इस सवाल का जवाब भी हमारे पास ही है। हमारे शास्त्रों में दान की महिमा अपार है महर्षि दधीचि ने जनहित में अपनी अस्थियां दान में दे दी थीं और भी कई उदाहरण हमारे शास्त्रों है जो हमें प्रेरणा देते हैं नेत्रदान के द्वार ही उन लोगों के जीवन में प्रकाश आ सकता जिनके जीवन में अंधेरा अभिशाप के रूप में मिला है। कॉर्निया खराबी के कारण हुई अंधता से ग्रसित व्यक्तियों के लिए नेत्रदान वरदान है। समाज में नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ाकर भारत नेत्रदान के क्षेत्र में एक सम्मानजनक स्थिति पर पहुंच सकता है। यदि सभी मृत व्यक्तियों द्वारा नेत्रदान किया जाए तो देश में कोई भी कॉर्निया में खराबी होने के कारण हुई अंधता से ग्रसित नहीं होगा। देश भर में हर साल 25 अगस्त से 8 सितम्बर तक मनाए जाने वाले नेत्रदान पखवाड़े का उद्देश्य भी यही है कि लोगों में नेत्रदान से जुड़ी भ्रांतियां दूर की जाएं। सक्षम समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल सक्षम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का संगठन है जो दिव्यांगों की सेवाओं के साथ-साथ नेत्रदान देहदान कुष्ठरोगियों के लिए भी उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। श्री पाण्डेय ने बताया कि श्रीलंका दुनिया में सबसे बडे कॉर्निया प्रदाताओं में से एक है हर पांचवा व्यक्ति नेत्रदान करता है जो विश्व के सामने एक आदर्श है विश्व के कई देशों को श्रीलंका कॉर्निया सप्लाई करता है हम सबको भी श्रीलंका से प्रेरणा लेकर नेत्रदान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य करना चाहिए।

# सत्संग से व्यक्ति श्रेष्ठ बन जाता है-स्वामी सरस्वती

**मंदसौर, 24 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा मंदसौर पर दिव्य चातुर्मास पूज्यपाद 1008 स्वामी आनन्द स्वरूपानंदजी सरस्वती ऋषिकेश के सानिध्य में चल रहा है। स्वामी जी द्वारा प्रतिदिन प्रात: 8.30 से 10 बजे तक श्रीमद् भागवद् महापुराण के एकादश स्कन्द का का वाचन किया जा रहा है।

शनिवार को धर्मसभा में स्वामी श्री आनन्द स्वरूपानंदजी सरस्वती ने बताया कि भगवान की संगत करों, भक्त की संगत करों, सत्संग में जाओं, सत्संग का श्रवण करों। शास्त्रों में बताया गया है कि यदि अपने जीवन का उद्धार करना है तो सत्संगी होना आवश्यक है जहां तक संभव हो महात्माओं के मुख से सत्संग को श्रवण करना चाहिए। जो व्यक्ति सत्संग का श्रवण करता हे उसका कल्याण निश्चित है। सत्संग से दुष्टव्यक्ति भी श्रेष्ठबन जाता है उसके सभी दोष नष्ट हो जाते है। आपने बताया कि एक बडे राजा को पुत्र हुआ तब पंडितों ने भविष्य के बारे में बताया कि यह चोर बनेंगा, तब महाराज ने पुत्र को बचपन से ही सत्संग को श्रवण करवाया है जब पुत्र बडा हुआ तो उसके अंदर चोरी करने की भावना आई चोरी करने निकला भी लेकिन सत्संग के विचार आज जाते थे और वह चोरी नहीं कर पाया यह होना सत्संग का प्रभाव।

**शिक्षित और संस्कारवान होने में फर्क है–** धर्मसभा में स्वामी जी ने बताया कि आज कल की युवा पीढी शिक्षित हो रही है लेकिन शिक्षित और संस्कारवान होने में फर्क है। आज की पीढी में संस्कार नजर नहीं आते। पैसा कमाने के चक्कर में आपने माता - पिता तक को भुल जाते है। हमें भी ध्यान रखना चाहिए अपने बच्चों को शिक्षा के साथ - साथ संस्कारवान भी बनायें।

**मनाया जायेगा श्री कृष्णा जन्माष्टमी महोत्सव–** केशव सत्संग भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदीशचंद्र सेठिया और सचिव कारूलाल सोनी ने बताया कि श्रीकृष्णा जन्माष्टमी महोत्सव केशव सत्संग भवन में मनाया जायेंगा। दिनांक 26 अगस्त सोमवार को रात्रि में 10.30 बजे से 12 बजे तक जन्म वृतांत और आरती होगी जिसके बाद प्रसाद वितरण किया जायेगा। वहीं मंगलवार की सुबह प्रवचन के समय 8.30 बजे से जन्मोत्सव मनाया जायेगा। आपने ने नगर की धर्मप्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में आयोजन में पधारने का निवेदन किया है।



# जिला स्तरीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता संपन्न

**मंदसौर, 24 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** स्कूल शालेय क्रीडा प्रतियोगिता स्कूली शिक्षा विभाग द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय मंदसौर के नेतृत्व में जिला स्तरीय राइफल एवं पिस्टल शूटिंग मंदसौर इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित की गई उक्त प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय प्राचार्य सायमा अशफाक उप प्राचार्य प्रियंका सिंह सिसोदिया, की उपस्थिति में प्रतियोगिता शुरू हुई। जिसमें मंदसौर मल्हारगढ एवं सीतामऊतहसील के छात्राएं 14 वर्षीय 17 वर्षीय 19 वर्षीय बालक बालिकाएं इस प्रतियोगिता में भाग लिया यह प्रतियोगिता उत्कर्ष विद्यालय के वरिष्ठखेल प्रशिक्षक महेंद्र शुक्ला दलोदा शासकीय महाविद्यालय के खेल अधिकारी अब्दुल रजाक, के नेतृत्व में आयोजित की गई यह प्रतियोगिता राइफल शूटिंग कोच एवं एनसीसी अधिकारी जितेन्द्र कनौजिया, द्वारा करवाई गई साथ ही सहयोगी के रूप में प्रवीण भंडारी, रिंकू शुक्ला, राकेश धनगर, संजय चौहान, जेनुल अबेउद्दीन, नितेश कुमार, महेश रेठा, शैलेंद्र मसीह, आदि ने सहयोगी के रूप में प्रतियोगिता संपन्न कराई।



# कृषि विभाग के अधिकारियो एवं कृषि वैज्ञानिकों के संयुक्त दल द्वारा क्षेत्र में फसलों का किया निरीक्षण

**मंदसौर, 24 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** उप संचालक कृषि के मार्गदर्शन में कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कृषि वैज्ञानिकों के गठित तकनीकी दल द्वारा ग्राम धमनार, अक्या उमाहेड़ा एवं दलोदारेल अंतर्गत कृषकों श्री राहुल धाकड, श्री समरथ धाकड, श्री सोहनलाल, श्री नागुलाल, श्री गणपतलाल आदि के खेतों का भ्रमण कर फसलों जैसे- सोयाबीन, मक्का, उड़द, प्याज आदि का निरीक्षण कर कृषकों को समसामयिक सलाह दी गई एवं समस्याओं का समाधान किया गया। कृषि वैज्ञानिकों ने सोयाबीन में चक्र भ्रंग के उपचार के लिए इमिडाक्लोप्रिड एवं बीटा-साइफ़्लुथ्रिन का 0.5 मिली/प्रति लीटर पानी में छिड़काव करने तथा सफेद मक्खी जो पीला मोजेक वायरस के फैलाव के लिए भी कारक है, थियामेथोक्सम 125 ग्राम/500 लीटर पानी प्रति हेक्टेयर छिड़काव करने की सलाह दी गई। प्याज में स्टेम फाइलम ब्लाइट के लिए मैन्कोजेब 2.5 ग्राम/लीटर पानी का छिड़काव करने की सलाह दी गई, साथ ही मोजेक वायरस तथा चक्र भ्रँग से प्रभावित सोयाबीन के पौधों को उखाड़ने की सलाह दी गई। दल में कृषि वैज्ञानिक डॉ. एस. बी. सिंह, डॉ. प्रमोद फतेहपुरिया, डॉ. राजेश आरवे, कृषि विभाग से वरिष्ठकृषि विकास अधिकारी चेतन पाटीदार, कृषि विस्तार अधिकारी श्री जितेद्र चौधरी, श्री देवीलाल पटेल तथा श्री विशाल राज सिंह मौजूद थे।


दिनांक 21 अगस्त 2024

**अपनी कुण्डली स्वयं देखे- ज्योतिषाचार्य पंडित यशवंत जोशी के साथ**

**क्या आप जानते है..?**



✻ यदि आपकी जन्म कुंडली में बुध ग्रह खराब है, तो आपकी याददाश्त कमजोर होगी, आपको अधिकतर बातें देरी से याद आएंगी तथा दूसरों के प्रश्नों का जवाब आप सही से नहीं दे पाएंगे, बातें याद आती आती है रह जाती है तथा वाणी संबंधित दोष भी हो सकता है।

जय दुर्गा ज्योतिष सेवा संस्थान एवं अनुष्ठान केंद्र मंदसौर
7024667840,8085381720


# धूमधाम से मनाया जाएगा श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव

**मंदसौर, 24 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का भव्य आयोजन श्री चारभुजानाथ मंदिर बड़ा चौक पर दिनांक 26 अगस्त 2024, सोमवार को, आकर्षक झांकी व आरती का आयोजन स्व. बापूलाल जी गगरानी की स्मृति में ओमप्रकाश गेलडा (माहेश्वरी साड़ीज) परिवार, मन्दसौर की ओर से रखा गया हैं। आप सभी समाजबंधुओ एवं मातृशक्ति से निवेदन हैं, कि रात्रि 12:00 बजे आरती, दर्शन व प्रसादी में शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त करें।

# सैनिक स्कूल मंदसौर के कैडेटस ने लहराया अभा सैनिक स्कूल खेल प्रतियोगिता में जीत का परचम



**मंदसौर, 24 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** सैनिक स्कूल मंदसौर के आठ कैडेटस ने अपने एथलेटिक कोच श्री रामपाल मसानिया के साथ अखिल भारतीय स्तर की सैनिक स्कूल खेल प्रतियोगिता जूनियर डिवीजन के प्रथम चरण में भाग लिया व 1 स्वर्ण, 1 रजत और 2 कांस्य पदक जीतकर अपनी जीत दर्ज करवाई। सैनिक स्कूल मंदसौर के 8 कैडेटस ने सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ में 20 अगस्त से आयोजित हुई अखिल भारतीय सैनिक स्कूल खेल प्रतियोगिता के एथलेटिक इवेंट में भाग लिया जिसमें कैडेट तमजीद आलम ने 400 मीटर में स्वर्ण, कैडेट प्रतीक रंजन ने 200 मीटर में रजत, कैडेट हिमांशु कुमार ने लॉन्ग जंप में कांस्य, व रिले रेस में कैडेट सावन कुमार, कैडेट रजनीश कुमार, कैडेट प्रवीण राज एवं कैडेट हर्षित कुमार ने कांस्य पदक जीतकर एक ऐतिहासिक जीत हासिल की। इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाले कैडेट अखिल भारतीय सैनिक स्कूल खेल प्रतियोगिता के द्वितीय चरण में भाग लेंगे। कैडेट्स की इस ऐतिहासिक जीत पर विद्या भारती मालवा प्रांत के संगठन मंत्री श्री अखिलेश मिश्र, भारतीय आदर्श शिक्षण समिति के अध्यक्ष श्री प्रकाश धनगर, उपाध्यक्ष श्रीमती रेखा कुमावत, सचिव श्री अशोक पारीख, सह सचिव व सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान के प्रबंधक श्री सुनिल शर्मा, सैनिक स्कूल मंदसौर की प्राचार्य डॉ. सरोज प्रसाद, उपप्राचार्य सुश्री लक्ष्मी राठौड़, खेल प्रमुख श्री दिनेश यादव ने सभी कैडेट्स व खेल दल को बधाई देते हुए उनके उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की।

# लोक निर्माण विभाग की सड़कों के मरम्मत कार्य का अधिकारी करेंगे निरीक्षण

**नीमच, 24 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत सड़क मरम्मत अभियान के तहत किये गए कार्यों का आगामी तीन दिनों में अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जाएगा।आगामी तीन दिवस में (24,25 और 26 अगस्त)को प्रत्येक संभाग के कार्यपालन यंत्री (भवन) को अपने संभाग के अंतर्गत आने वाली सड़कों का कम से कम 50 प्रतिशत या 300 किलोमीटर (जो भी अधिक हो) का रैंडमली निरीक्षण करना होगा। इस निरीक्षण का उद्देश्य मरम्मत कार्य की गुणवत्ता का मूल्यांकन करना और उसे रिकॉर्ड करना है।

निरीक्षण के बाद प्रत्येक संभाग के कार्यपालन यंत्री (भवन) को 28 अगस्त तक सड़कवार रिपोर्ट मुख्य अभियंता (सड़क / पुल) को प्रस्तुत करनी होगी। इसके लिए सड़कों की सूची आज ही कार्यपालन यंत्री (सड़क / पुल) द्वारा जिला स्तर के कार्यपालन यंत्रियों (भवन) को प्रदान की जाएगी, ताकि समय पर और उचित निरीक्षण सुनिश्चित किया जा सके। साथ ही, निर्देशित किया गया है कि निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री (भवन) 'लोक पथ' मोबाइल ऐप का उपयोग करते हुए सिटीजन लॉगइन के माध्यम से सड़कों पर गड्ढों की रिपोर्टिंग भी करें।लोक निर्माण विभाग के इन निर्देशों का पालन करते हुए, सड़कों की गुणवत्ता और सुरक्षा को बनाए रखने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे यातायात में सुधार होगा और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी।

# झांकियां व अखाड़े रहेंगे मुख्य आकर्षण का केन्द्र

## विश्व हिन्दू परिषद के स्थापना दिवस और श्री कृष्ण जन्मोत्सव दिवस की तैयारी जोरों पर

**मंदसौर, 24 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी विश्व हिन्दू परिषद अपना स्थापना दिवस ओर श्री कृष्ण जन्मोत्सव बड़े जोर शोर से मनाने जा रहा है जिसकी तैयारियां जोरों पर हैं आगामी 26अगस्त को एक भव्य चल समारोह स्थानीय सत्संग भवन प्रांगण से शुरू होगा जो शहर के मुख्य मार्गो से होता हुआ गांधी चौराहा पहुंचेगा इस चल समारोह में नयनाभिराम झांकिया तथा अखाड़े आकर्षण का केंद्र रहेगी तथा कई समाजों ओर संस्थाओ की ओर से भी आकर्षित झांकिया इस चल समारोह में सम्मिलित रहेगी चल समारोह में कई अखाडे भी रहेंगे जिनमें पहलवान अपने करतब दिखाते हुए चलेंगे मातृशक्ति भी अपना योगदान इस चल समारोह में देगी। कई महिलाएं अपने सिर पर कलश रखकर चलेगी एवं बहने गरबा नृत्य करते हुए चल समारोह की शोभा बढ़ाएगी।

दुर्गा वाहिनी की बहने भी इस चल समारोह में अपनी सहभागिता करेंगी। विश्व हिन्दू परिषद के जिला मंत्री के हेमंत बुलचंदानी ने बताया कि प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी बड़े धूमधाम से हम विश्व हिन्दू परिषद का स्थापना दिवस ओर श्री कृष्ण जन्मास्टमी पर्व मनाने जा रहे हैं 26 अगस्त -को एक भव्य चल समारोह सत्संग भवन से प्रारंभ होगा जो सदर बाजार मंडी गेट धान मंडी बड़ा चौक शुक्ला चौक घंटाघर बस स्टैंड होता हुआ गांधी चौराहे पर पहुंचेगा जहां पर एक विशाल धर्म सभा का आयोजन होगा जिसमें हमें कई संत श्री ओर वरिष्ठजनो का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। धर्म सभा के पश्चात मटकी फोड़ का आयोजन किया जावेगा अत: मंदसौर शहर की समस्त धर्म प्रेमी जनता से हम आग्रह करते हैं कि इस विशाल चल समारोह में सहभागिता कर शोभायात्रा की शोभा बढ़ाये शोभायात्रा में भाग लेने की अपील विश्व हिन्दू परिषद के प्रांतीय अधिकारी गुरूचरण बग्गा, भगवानदास ज्ञानानी, विभाग अधिकारी प्रकाश पालीवाल, प्रदीप चौधरी, लक्की बडोलिया जिलाध्यक डॉ प्रवीण सिंह मंडलोई, उपाध्यक्ष हरीश टेलर, अरविंद चौहान, पुष्पा भंडारी, जिला हेमंत बुलचंदानी, सहमंत्री प्रतीक व्यास, नीलेश जैन, जिला संयोजक अनिल धनगर, जिला सह महेंद्र सुराह, विनोद निनामा, नवनीत पारख, अमरदीप कुमावत, शंकर शर्मा, प्रदीप मोटवानी, विनोद जाट, अंतिम देवड़ा, मंजीत प्रजापति मंदसौर प्रखंड अध्यक्ष कन्हैयालाल सोनगरा, ललित सिसोदिया , विनोद प्रजापत, गौरव शर्मा,हरीश राव, मनीष भाटी,लक्की गोसर, गोविंद नागदा, गौरव राजपूत, शुभम तरवेचा, अंकित चौहान, अजय ग्वाला, सूरज कुमावत, ओमप्रकाश कुमावत, महेशनाथ योगी, प्रियांशराज पुरोहित, अवि बरेडा, विष्णु ग्वाला, राजेश करनीया आदि तथा सभी कार्यकर्ताओं ने धर्मप्रेमी नागरीक बंधुओ से विश्व हिन्दू परिषद के स्थापना दिवस ओर श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर निकले वाली शोभा यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। उक्त जानकारी जिला मंत्री हेमंत बुलचंदानी ने दी।

## डाकन बताकर वृद्ध महिला को पीटा, केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 24 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** आज भी ग्रामीण क्षेत्र में अंधविश्वास व कुप्रथाएं जारी है, एसा ही एक मामला गांव खजूरी चन्द्रावत का सामने आया, जहां महिला को डाकन बताकर पीटा गया। पुलिस ने मारपीट करने वाली महिला के खिलाफ जमानती धाराओं में केस दर्ज किया। घायल महिला को नाहरगढ़ प्राथमिक उपचार के बाद मंदसौर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार गांव खजूरी चन्द्रावत में एक 65 वर्षीय वृद्ध महिला को लकड़ियों से पीटा, बीच-बचाव करने गए उसके बेटे ने मारपीट की वजह पूछा तो महिला सीमाबाई पिता चुन्नीलाल धनगर ने कहा कि तेरी मां डाकन है, मेरे भाई को भी खा गई और मेरी बकरी को भी खा गई। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणजन भी एकत्रित हो गए। मारपीट करने वाली महिला ने धमकी दी कि गांव में दिखेगी तो जान से मार देंगे। नाहरगढ़ टीआई प्रभात गोड ने बताया कि मारपीट करने वाली महिला के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।



## लोक अदालत हेतु न्यायाधीशगण व अधिवक्तागण की बैठक संपन्न

**मंदसौर, 24 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** 14 सितम्बर 2024 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन हेतु माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर श्री कपिल मेहता की अध्यक्षता में दिनांक 24 अगस्त, 2024 को एडीआर सेंटर भवन, मंदसौर में जिला मुख्यालय पर पदस्थ समस्त न्यायाधीशगण की उपस्थिति में अधिवक्तागण के साथ बैठक का आयोजन किया गया। मीटिंग में उपस्थित अधिवक्तागण एवं न्यायाधीशगण को संबोधित करते हुए माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश महोदय ने यह व्यक्त किया नेशनल लोक अदालत की सफलता सभी के सामूहिक प्रयास से ही संभव है तथा साथ ही उन्होंने यह भी व्यक्त किया कि धारा 138 चेक बाउंस, दुर्घटना बीमा क्लेम मामले, माफीनामे योग्य आपराधिक प्रकरण, बिजली से संबंधित लंबित मामले एवं अन्य राजीनामा योग्य प्रकरणों को चिन्हित कर उनमें अधिक से अधिक राजीनामे कराकर लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु समस्त आवश्यक प्रयास किए जाए। माननीय महोदय ने अधिवक्तागण के द्वारा रखे गए मुद्दों को भी संज्ञान में लेते हुए उनके त्वरित निराकरण के निर्देश भी प्रसारित किए। नेशनल लोक अदालत में मामलों के निराकरण किये जाने में आने वाली कठिनाईयों, अधिवक्तागण की समस्याओं एवं उनके समाधान के संबंध में विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटी)/ नोडल अधिकारी नेशनल लोक अदालत श्रीमान अजय कुमार सिंह, जिला अभिभाषक संघ अध्यक्ष श्री रघुवीर सिंह पंवार, कुटुंब न्यायालय मंदसौर के प्रधान न्यायाधीश श्री गंगाचरण दुबे, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर श्री सिद्धार्थ तिवारी, जिला स्थापना के अन्य न्यायाधीशगण एवं अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# कृष्ण को योगेश्वर श्रीकृष्ण की पहचान देने वाले चारों धाम है मप्र में - मुख्यमंत्री

**नीमच, 24 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश, भगवान श्रीकृष्ण और भगवान श्रीराम के वास से प्रेरित और पावन भूमि है। हमारा सौभाग्य है भगवान श्रीकृष्ण, कंस वध के बाद उज्जैन के सांदीपनि आश्रम से शिक्षा ग्रहण करते हैं और जीवन में श्रीकृष्ण के रूप में दुनिया में जाने जाते हैं। ये मध्यप्रदेश का सौभाग्य है कि नारायणा में भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता हुई। भगवान ने परम मित्रता का संदेश देते हुए बताया कि मित्रता में गरीब-अमीर का अंतर नहीं होता। धार के पास अमझेरा में वीरता के बल पर रुक्मणी हरण में भगवान ने रुक्मी को हाराया। इंदौर के पास जानापाव में विनम्रता और



श्रद्धा से भगवान श्रीकृष्ण ने परशुराम जी से सुदर्शन चक्र प्राप्त किया। मध्यप्रदेश के यह चारों धाम भगवान श्रीकृष्ण के उस इतिहास को जीवंत करते हैं, जिसके आधार पर श्रीकृष्ण की लीला विश्व में योगेश्वर श्रीकृष्ण के रूप में पहचानी गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जन्माष्टमी के अवसर पर हम सब मिलकर प्रदेश के इन स्थानों का स्मरण करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जहां-जहां भगवान श्रीकृष्ण के चरण पड़े हैं उन सभी स्थानों को राज्य सरकार ने तीर्थ के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जन्माष्टमी पर्व पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं और बधाई देते हुए कहा कि प्रयास यह हो कि आधुनिक समय में भगवान श्रीकृष्ण के इतिहास को जीवंत करते हुए, हम उनकी मित्रता, वीरता, विनम्रता और शिक्षा ग्रहण करने के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएं और उसे आत्मसात करें।

### बच्चों को वितरित की टाफिया, लोलीपॉप व केक

**पिपलियामंडी, 24 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** जैन सोश्यल ग्रुप पिपलियामंडी-नारायणगढ़ के तत्वावधान में लोटो कंपनी की ओर से डेफोडिल्स स्मार्ट स्कूल के बच्चों को कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के उपलक्ष्य में टाफिया, लोलीपॉप, केक का वितरण किया गया। इस मौके पर संस्थापक रुपचंद होतवानी, संचालक विनोद शर्मा, प्रिसिंपल प्रिया शर्मा सहित शिक्षकगण, सोश्यल ग्रुप के अध्यक्ष दिनेश बम्बोरिया, कोषाध्यक्ष विनोद नलवाया, संयोजक नीतेश जैन आदि मौजूद रहे।

### डैफोडिल्स स्मार्ट स्कूल में मनाया श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर्व

**पिपलियामंडी, 24 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** 24 अगस्त को डैफोडिल्स स्मार्ट स्कूल में आज भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम बालगोपाल जी का विधिविधान पूर्वक पूजन संस्था के चेयरमैन रूपचंद होतवानी, डायरेक्टर विनोद शर्मा व प्राचार्या श्रीमती प्रिया शर्मा द्वारा किया गया, तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा गीत, भजन, नृत्य एवं कृष्ण-सुदामा प्रसंग पर बहुत ही सुंदर नाट्य मंचन किया गया। प्री प्राइमरी के नन्हें विद्यार्थी आज राधा व कृष्ण के मनमोहक स्वरूप में सजधज कर स्कूल आए थे। विद्यार्थियों द्वारा बालगोपाल जी को पालना देकर आनंदित वातावरण में जन्माष्टमी पर्व मनाया। स्कूल में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए मटकी फोड़ने का आयोजन भी किया गया। आज के समारोह का संचालन छात्र कु. याशिका लौहार व सुजल राठौड़ द्वारा किया गया एवं आभार शिक्षिका श्रीमती सपना भाटी द्वारा प्रकट किया गया।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी की संध्या महाराणा प्रताप बस स्टैंड पर होगा दही हांडी का आयोजन

**मंदसौर, 24 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर दही हांडी का आयोजन करने वाली समिति की एक बैठक नैवेद्यम रेस्टोरेंट रामटेकरी पर आयोजित की गई। बैठक में संस्था द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री कृष्णा जन्माष्टमी पर्व पर 26 अगस्त की रात्रि 8.30 बजे महाराणा प्रताप बस स्टैंड पर भव्य दही हांडी का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। संस्था द्वारा विगत 25 वर्षों से आयोजन किया जा रहा है।

बैठक में आयोजन समिति के संरक्षक श्री यशपाल सिंह सिसोदिया, पं. दिलीप शर्मा, विजय सुराणा, प्रीतेश चावला, राजेश नामदेव, मनोज चौधरी की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में यशपाल सिंह सिसोदिया ने कहा कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर दही हांडी का यह आयोजन भव्य रूप ले चुका है। आपने कहा कि सुरक्षा को मद्देनजर रखते इस आयोजन को भव्यता प्रदान की जाये एवं नवाचार भी किये जाये। बैठक में प्रीतेश चावला व राजेश नामदेव ने भी अपने विचार रखे। बैठक का संचालन दिनेश नागर ने किया व आभार राजेश पाठक ने माना। बैठक में अतिथि का स्वागत शरद तिवारी, बाबा पंचोली, विकास बड़गोती, चेतन जोशी, अंकुश पालीवाल, कपिल मावर, जितेन्द्र पाटीदार आदि ने किया। बैठक में संस्था के सुनिल वेद, आशीष त्रिवेदी, मनोज जैन, सुनील गुप्ता, आशीष भाटिया, दीपक कुमावत, मनोज पोरवाल, अरुण अग्रवाल, पवन सोनी, अनमोल भदानिया, राहुल शर्मा, दुर्गेश टेलर, संजय नीमा, लक्ष्मण पुरुस्वानी, नीलेश कुमावत, पुष्कर कुमावत, मांगीलाल कुमावत, सुनील पोरवाल, दिनेश पोरवाल, गोलू शर्मा, सत्यकाम चोरड़िया, योगेश शर्मा, जयेश पंड्या, दीपक मोहनिया, वीरेंद्र अगवाल, नितिन हिंगड, नंदू पोरवाल, विपिन जोशी, अंकुश डपकरा, अनिल बैरागी, हितेन्द्र भाटी आदि उपस्थित थे।

### आज लगेगा पशुपतिनाथ महादेव को सवा लाख लड्डूओं का महाभोग

**मंदसौर, 24 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** शयन काल आरती युवा पालकी मंडल द्वारा आज दिनांक 25 अगस्त रविवार को पशुपतिनाथ महादेव का प्रात: 8.30 अभिषेक किया जाएगा तत्पश्चात हवन होगा। साथ ही बाबा पशुपतिनाथ का मनमोहक श्रृंगार किया जाएगा। वही भक्तों द्वारा आज संध्या 7 बजे हजारों दीपक से पशुपतिनाथ महादेव की महाआरती की जाएगी। सभी भक्त अपने-अपने हाथ में दीपक लेकर पशुपतिनाथ महादेव की आरती करेंगे। इस अवसर पर भक्त अपने घर से दीपक व पूजा की थाली सजाकर भी ला सकते है। महाआरती पश्चात् भगवान श्री पशुपतिनाथ को सवा लाख लड्डूओं का महाभोग लगाया जाएगा जिसें भक्तों में प्रसाद के स्वरूप वितरण किया जाएगा। शयन काल आरती युवा पालकी मंडल ने अत: सभी भक्तों से निवेदन है कि अधिक अधिक संख्या में पधार कर महाआरती,एवम महाप्रसादी व मनमोहक श्रृंगार का दर्शन लाभ लेवे और प्रसाद ग्रहण करें। भक्तगण दीप आरती हेतु मो.नं. 8109223685, 9826050141, 9300044129, 9893843630 या 9669394611 पर सम्पर्क कर सकते है।

# पानी टेंकर चोरी किया गुमटियां की क्षतिग्रस्त

**मंदसौर, 24 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** रामटेकरी क्षेत्र में तालाब के झरने के समीप खड़ा किया गया एक पानी का टेंकर को ट्रेक्टर सहित चोर चोरी कर ले गया। जिसका पीछा करने पर उसे वाहन अनियंत्रित चलाकर व बचने के प्रयास में दो गुमटियां भी क्षतिग्रस्त कर दी। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। कोतवाली पुलिस के अनुसार गजेन्द्र ग्वाला ने रामटेकरी झरने के पास स्थित घर पर टेंकर खड़ा किया था, वह कटिंग कराने गया था कि इतने में चोर ने वाहन स्टार्ट कर भगा दिया। गजेन्द्र की पत्नी ने उसे टेंकर वाहन अन्य के ले जाने की सूचना दी। इस पर वह ओर अन्य व्यक्तियों ने पीछा किया। इस दौरान चोर जिसका नाम जगदीश पिता गंगाराम सोलंकी निवासी मंगवालिया जिला आगर मवाला है, उसने दो गुमटियों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। उतरकर भागने के समय लोगों ने उसे दबोच लिया। जिसके बाद पुलिस के हवाले किया। बदमाश के अन्य साथियों के संदर्भ में छानबीन की जा रही है।

# गौवंश तस्करी में पकड़ाए वाहनों को राजसात करने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**पिपलियामंडी, 24 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** गौरक्षा दल ने गौवंश तस्करी में पकडाए वाहनों पर राजसात की कार्रवाई करने के संबंध में शनिवार को एक ज्ञापन कलेक्टर व जिला पुलिस अधीक्षक को सौंपा, जिसमें प्रदेश के सीएम के आदेशानुसार गौवंश तस्करी में पकडाए जाने वाले वालों पर राजसात की कार्रवाई करने की मांग की। कलेक्टर के नाम तहसीलदार व मंदसौर एसपी को सौंपे ज्ञापन में बताया कि मंदसौर जिले 14 अगस्त 2024 को हाईवे मोबाइल फोन पर मुखबिर के से सूचना मिली थी कि एक सफेद रंग की पिकअप में गौवंश भरे होने की सूचना पर उसे गौरक्षकों ने पकड़ा। दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा। लेकिन पकडे गए वाहन पर राजसात की कार्रवाई नही की गई। जबकि पडोसी नीमच जिले में गौवंश तस्करी में पकडाए वाहनों पर राजसात की कार्रवाई हो रही है। अगर गौवंश तस्करी में पकडाए वाहनों पर राजसात की कार्रवाई न ही हुई तो गौरक्षा दल कलेक्टर कार्यालय के बाहर भूख हड़ताल व धरना प्रदर्शन करेगा। इस अवसर पर गौरक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष गोपालसिंह सिसोदिया, प्रदेश उपाध्यक्ष हेमेन्द्र सिंह राठौर, प्रदेश महासचिव विनोद पाटीदार, प्रदेश मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह सोनगरा, संभाग अध्यक्ष सचिन नागदा, संभाग उपाध्यक्ष हंसराज सिंह हाडा, संभाग महासचिव कृष्णपालसिंह पवार, अध्यक्ष लोकेंद्रसिंह, राजेंद्रसिंह बोरदा, नीमच जिला उपाध्यक्ष नारायण माली ,मनासा तहसील अध्यक्ष विजयपालसिंह, जीरन तहसील अध्यक्ष शुभम बैरागी, सिंगोली तहसील अध्यक्ष गुलाब प्रजापत, उपाध्यक्ष अनिकेत सचिव राजेंद्र माली नगर संगठन मंत्री राहुल कबाडी, महासचिव रवि हैप्पी बना, नीमच जिला अध्यक्ष अंकित जोशी, सूरज, अंकित बैरागी, अंकित सुथार सहित गौरक्षक उपस्थित रहे।

### एसपी ने राज के एएसआई व तीन आरक्षकों को दिया पुरस्कार

**पिपलियामंडी, 24 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 में 3 मई 2017 से फरार आरोपी आरडी (नाहरगढ़) निवासी विनोदसिंद पिता बालूसिंह सौंधियाा को गिरफ्तार करने पर मंदसौर पुलिस अधीक्षक ने 2000 हजार रुपए ईमान की उद्घोषणा की थी। इसके बाद निम्बाहेड़ा कोतवाली थाने के एएसआई सूरजकुमार, कानि देवेन्द्र, वीरेन्द्र, राकेश को यह पुरस्कार मंदसौर पुलिस अधीक्षक ने दिया।

# श्री कृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में ग्वाला समाज द्वारा आज विशाल वाहन रैली एवं कल भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी

**मंदसौर, 24 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री कृष्ण ग्वाला समाज के आराध्य देव योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में युवा ग्वाला समाज मन्दसौर द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के एक दिन पूर्व आज 25 अगस्त को विशाल वाहन रैली एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर 26 अगस्त को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

दो दिवसीय इस आयोजन के तहत आज 25 अगस्त, रविवार को सुबह 11 बजे से वाहन रैली सत्संग भवन खानपुरा से निकलेगी जो धानमंडी, पाताल लोक ऑफिस से कालाखेत, बस स्टैंड से गाँधी चौराहा, बालागंज दत्त मंदिर रोड़, गोल चौराहा, बीपीएल चौराहा, महाराणा प्रताप बस स्टैंड से नयापुरा, जीवगांज से नरसिंहपुरा हरदेव लाला मंदिर पहुंचेगी तथा कल 26 अगस्त, सोमवार को प्रात: 9 बजे से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें कोटा के ढोल, उज्जैन के डीजे, दिल्ली के कलाकारों की झांकियां, मंदसौर के बैंड आकर्षण का केंद्र रहेंगे। साथ ही योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण भी नगर भ्रमण पर निकलेंगे। यह शोभायात्रा कर्मचारी कॉलोनी स्थित श्री सांवरिया सेठ मंदिर से प्रारंभ होकर नयापुरा, पाताल लोक ऑफिस रोड़, शुक्ला चौक, घण्टाघर, गौशाला मार्केट, पुराना बस स्टैंड, गाँधी चौराहा, जिला अस्पताल से तरण ताल रोड़ बालागंज स्थित तलाईवाले बालाजी मंदिर पहुंचेगी जहां शाम 4 बजे श्रीकृष्ण की आरती के पश्चात शोभायात्रा यात्रा संपन्न होगी। उक्त कार्यक्रम की जानकारी युवा ग्वाला समाज मन्दसौर के साथियों द्वारा देते हुए सभी समाजजनों से वाहन रैली एवं शोभायात्रा में सम्मिलित होने का आव्हान किया है।

# विहिप के उप्र प्रान्त सत्संग प्रमुख ने श्री तलाई वाले बालाजी मन्दिर में दर्शन किए

**मंदसौर, 24 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** श्री तलाई वाले बालाजी मन्दिर में शनिवार की शाम विश्व हिंदू परिषद उत्तरप्रदेश के प्रान्त सत्संग प्रमुख श्री राहुल त्रिपाठी विशेष पूजन दर्शन कर हवन किया। उल्लेखनीय कि श्री त्रिपाठी मूल रूप से हमीरपुर उप्र के निवासी हैं। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रचारक रहे हैं। नेपाल में भी आपने संघ के दायित्वों का निर्वहन किया है। श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित धीरेंद्र त्रिवेदी ने श्री त्रिपाठी का स्वागत किया एवं मंदिर के संदर्भ में पूरी जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि राहुल त्रिपाठी के पिता श्री पूर्व में मंदसौर प्रवास पर आए हैं और उन्होंने श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर के दर्शन किए हैं उन्हीं से यहां की महिमा सुनी।भानपुरा शंकराचार्य पीठ के पूज्य युवाचार्य स्वामी श्री वरुणेंद्र जी तीर्थ की प्रेरणा से श्री राहुल त्रिपाठी के मन में यहां आकर पूजन दर्शन एवं की प्रेरणा जागृत हुई। श्री त्रिपाठी ने इस अवसर पर कहा कि श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर की महिमा से तो मैंने अपने पूज्य पिताश्री से बहुत पहले से ही सुन रखी है यहां आकर दर्शन करने का मन में बहुत पहले से संकल्प था पूज्य स्वामी जी ने प्रेरणा दी और तत्काल मेरा सौभाग्य हुआ कि मैं मंदसौर आया और यहां बालाजी के दर्शन किए और पूजन और हवन करने का भी मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ।

## सीए रणजीत कुमार अग्रवाल आज मंदसौर में

**मंदसौर, 24 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** आईसीएआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीए रणजीत कुमार अग्रवाल मंदसौर शाखा के समारोह में आज मंदसौर प्रवास पर रहेंगे।



उपरोक्त जानकारी देते हुए मंदसौर शाखा अध्यक्ष सीए दिनेश जैन, सचिव सीए विकास भण्डारी ने बताया कि श्री अग्रवाल भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान के 72वें अध्यक्ष है। Sale कलकत्ता से मंदसौर इस कार्यकर्म में पधार रहे है। आपके साथ सेंट्रल काउंसिल सदस्य नोयडा से अनुज गोयल, भोपाल से अभय छाजेड, जयपुर से रोहित रोहटिया, इंदौर से श्रीमती केमिशा सोनी भी आयेंगे। मध्यभारत क्षेत्रीय परिषद के अध्यक्ष जयपुर से सीए आकाश बरगोटी, उज्जैन से सीए शरद जैन, इंदौर से सीए कीर्ति जोशी, किशनगढ से सीए अंकित सोमानी भी मार्गदर्शन के लिये समारोह में उपस्थित रहेंगे। समारोह में वर्तमान में आर्थिक जगत में हो रहे बदलावों पर सभी सीए सदस्यों व बच्चों को मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

### नि: शुल्क परामर्श एवं जांच शिविर सम्पन्न

**पिपलियामंडी, 24 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** पेसिफिक मेडीकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल उदयपुर व पिपलिया पत्रकार हितार्थ एवं सामाजिक कल्याण समिति केसंयुक्त तत्वावधान में नि:शुल्क परामर्श, जांच व चिकित्सा शिविर का आयोजन यहां गोपाल मिल परिसर में सम्पन्न हुआ। अतिथि व्यापारी संघ अध्यक्ष कृष्णकुमार भूत, मंडी व्यापारी रुपचंद होतवानी, नप के पूर्व अध्यक्षद्वय चोथमल गुप्ता व राजेन्द्र भारद्वाज, नारायणगढ़ अभिभाषक संघ अध्यक्ष एम सय्यद मंसूरी, मल्हारगढ़ के सामाजिक कार्यकर्ता ओमप्रकाश बटवाल, आरएसएस के पूर्व विभाग संघ चालक रामलाल राठौर, मंडी व्यापारी संघ सचिव रामप्रसाद फरक्या आदि थे। शिविर की सफलता के लिए न्यू बल्लू मोटर्स के संचालक बल्लूभाई, पेसेफिक हास्पीटल की ओर से शिविर प्रभारी जितेन्द्रसिंह, राकेश पंवार का पत्रकार हितार्थ समिति के पदाधिकारियों ने साफा बांधकर सम्मान किया।

## पेट्रोल पंपों पर जांच हेतु नौकरशाहों... पेज 1 से जारी

हैं इसलिए कभी भी फिक्स अमाउंट जैसे 100, 200 या 500 रुपये का पेट्रोल या डीजल नहीं खरीदा जाना चाहिए। हमेशा एबनार्मल अमाउंट जैसे 104, 107, 209 जो भी सिक्के आपकी जेब में हों उन्हें जो? कर ही खरीदें। यीन मीटर जंप करने लगता है, इससे मीटर तेज भागता है और पेट्रोल कम मिलता है। जब आप ऑड नंबर यानी 107, 127, 207 आदि का पेट्रोल डलवाते हैं, तो उसे मैनुअली पेट्रोल डालना पड़ता है, इससे मीटर जंप नहीं कर पाता।

**चिप को रिमोट से कंट्रोल होने वायरल होती है खबरें...!**-पेट्रोल पंप में गड़बड़ी चिप के माध्यम से भी होती है। चिप पेट्रोल पंप मशीन के अंदर लगा दी जाती है। इसे रिमोट से कंट्रोल किया जा सकता है। तेल डालते समय बटन दबाने से तेल कम गिरने लगता है। इससे मीटर तो चलता है, लेकिन वास्तव में उपभोक्ता को तब तक चूना लग चुका होता है। इसे कोई पकड़ भी नहीं सकता, क्योंकि जैसे ही उपभोक्ता जांच की बात करेगा उसे रिमोट से सही कर दिया जाएगा और तेल सही मात्रा में गिरेगा। हालांकि पिछली बार की कुछ पेट्रोल पंपों में हुई जांच में यह चिप पकड में नहीं आई थी।

# मकान का मुख दक्षिण में हो तो यह करें उपाय, गृह निर्माण के समय बेसमेंट निर्मित करने वालों की दशा हमेशा बिगड़ी होंगी -पंडित शास्त्री

**मंदसौर, 24 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** नरसिंहपुरा स्थित चारभुजा धर्मशाला में बाथरा परिवार द्वारा आयोजित स्व. नाथुलाल व स्व. मुरिबाई की स्म्रति में श्रीमद भागवत ज्ञान गंगा महोत्सव के चतुर्थ दिवस की कथा में धारियाखेडी वाले पंडित भीमाशंकर शास्त्री ने कहा ज़ब भी गृह निर्माण करवाए तो उस कोने में पंडेरी हो जहाँ उचित हो यदि दक्षिण में पंडेरी है तो महिलाये रोग से ग्रसित होंगी। घर के अंदर भगवान का मुख पश्चिम में होना चाहिए।अग्नि कोण कम होने पर अधिकतर लोग कष्टमें रहते है।मेरित्री कोण कम होने पर पुरुष गंभीर बीमारी से ग्रसित होते है।वायव कोण कम होने के कारण एग्जामा व चर्म रोग होने की बिमारी का खतरा मंडराता है।जिन्होंने गृह निर्माण के समय बेसमेंट बनाया है उनकी दशा तो बिगड़ी होंगी। मकान बनाते या गृह निर्माण के समय निशांनय कोण कम होने से हनुमान जी के मंदिर से ध्वजा लेकर लगाए।उत्तर पूर्व में शौचालय बना हो तो उसके लिए भी उपाय कर सकते है।अगर आपका मकान का मुख दक्षिण में हो तो आपके जीवन में दुख हो तो आपके क्षेत्र के हनुमान जी का फोटो लगवाये।बाए हाथ से सिंदूर लगवाएंवास्तु दोष का निराकरण हो जायेगा।आगे पंडित भीमाशंकर शास्त्री ने शनिवार की कथा में आज शनिवार क़ो पूजे जाने वाले दो देवो में से एक हनुमान जी महाराज की बात की और कहा ज़ब हनुमान जी ने एक दवाई के लिए पूरा द्रोणागिरी पर्वत यानि आज की भाषा में कहे तो पूरा मेडिकल ले आये थे।और बात दूसरे शनि देव की करे तो शनि देव के



गुरु महादेव और इष्ट देव साँवलिया जी है।मकर,मीन कुम्भ,वृशीचक्र सहित छ: राशि पर यदि शनि लगा हुआ है तो ध्वजनी,धामीनी शनि देव की पत्नियों में से एक है। इन्हे पूजा जाये तो शनि देव प्रसन्न हो जायेगे।ततपश्चात अंतिम में आरती संपन्न हुई।इस अवसर पर अतिथि के रूप में रोटरी सेटेलाइट महिला क्लब की अध्यक्ष श्वेता कपूर सहित भारती पाटीदार,निशा कुमावत,सपना कुमावत,सुनीता कुमावत, रेखा कुमावत, सरिता चंचल सोनी,धार्मिक उत्सव समिति के विनोद मेहता,सुभाष गुप्ता, विनय दुबेला, वर्दीचंद छापरवाल, बंशीलाल टांक, राजाराम तंवर,डॉ. रघुवीर सिंह चुण्डावत,गोविंद नागदा,राजेंद्र चाष्टा कुमावत समाज के प्रतिनिधि राधेश्याम बरानिया, मोहनलाल मारिवार, राजेंद्र घोडेला,बड़े बालाजी टी क्लब नरेंद्र अग्रवाल,अशोक सेठिया, दाऊविजयवर्गीय, दिनेश भाई, रमेश काबरा,सुनील विजयवर्गीय, भगवानदास विजयवर्गीय, राहुल सोनी सहित बाथरा परिवार में रूपलाल बाथरा, रमेशचंद्र बाथरा, राजमल बाथरा, मदनलाल बाथरा, कन्हैया लाल बाथरा, नटवर बाथरा, लोकेंद्र बाथरा ,सुरेंद्र बाथरा सहित समस्त बाथरा परिवार उपस्थित रहा।

**शहीदों के लिये शहीद नहीं अमर हुतात्मा और शाही के स्थान पर दिव्य-भव्य शब्दों का प्रयोग होना चाहिये-** कुमावत धर्मशाला नरसिंहपुरा में आयोजित सप्त दिवसीय संगीतमय भागवत कथा के चतुर्थ दिवस कथा प्रसंग के संदर्भ में हमारी राष्ट्रभाषा हिन्दी को महत्व देने के उद्देश्य से आपने कहा हमें बोलचाल की भाषा में जहां तक संभव हो हर हालत में हमारी मातृ-राष्ट्र भाषा हिन्दी के ही शब्दों का ही प्रयोग करना चाहिये। जैसे आई लव इंडिया के स्थान पर मैं हिंदुस्तान से प्यार करता हॅू। आई लव मंदसौर के स्थान पर मैं मंदसौर से प्यार करता हॅू। फोन पर हाय-हैलो नहीं बोलते हुए ऊँजय श्री कृष्णा, जय श्री राम, जय शिव जो भी आपका इष्ट हो उसका नाम उच्चारण करना चाहिये। देश पर प्राणों को न्यौछावर करने वाले देश भक्तों को शहीद कहकर सम्मान करते है जो ठीक नहीं है। देश पर प्राण न्योछावर करने वालों को शहीद नहीं कहकर अमर हुतात्मा-वीर गति को प्राप्त कहना चाहिए। इसी प्रकार धार्मिक शोभायात्राओं को हम शाही पालकी-शाही सवारी आदि उर्दू शब्दों का प्रयोग करते है। इसके स्थान पर दिव्य-भव्य-सवारी/पालकी जैसे हिन्दी भाषा का ही प्रयोग करना चाहिये। 250 वर्षों तर्क देश को गुलाम बनाने वाले अंग्रेजों के जाने के बाद उनकी जूठन अंग्रेजी भाषा को ढोते रहना और आक्रान्ता मुगलों के चले जाने के बाद उर्दू भाषा के शब्दों का प्रयोग करना उचित प्रतीत नहीं होता।


**इंदौर के मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर त्वचा रोग विशेष एवं डर्मेटोलेजर सर्जन**

**डॉ. परीक्षित शर्मा**

एम.डी. (स्कीन)

**रविवार 25 अगस्त को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे।**

सुविधाएं-✻ चेहरे के कील-मुहासे, चोट व चेहरे के निशान, ऑखों के नीचे कालापन, चेहरे व हाथों का कालापन, ✻ एक्जीमा, सोरियासिस, सफेद दाग का इलाज व सर्जरी, ✻ शरीर पर तिल व मस्सों (Warts) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ गर्भावस्था में होने वाले स्ट्रेचमार्क्स की चिकित्सा, ✻ असमय झड़ते बालों का आधुनिक पद्धति से ईलाज, ✻ शरीर पर टेटू (गोदना) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ लेजर मशीन द्वारा अनचाहे बालों से छुटकारा, ✻ बच्चों व बुजुर्गो की त्वचा संबंधित समस्याएं, ✻ नाखुन में होने वाले रोगों का उपचार, ✻ सौन्दर्य परामर्श (Cosmetic Consultation)

**करजूवाला कम्पाउण्ड, पमनानी हॉस्पिटल के पीछे, स्टेशन रोड, मंदसौर सम्पर्क-9424813088**


## कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)

क्रमांक/ मंदसौर दिनांक

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वाहन स्वामी लालसिंह राठौर पिता भंवरलाल राठौर निवासी ग्राम सिंदपन तहसील व जिला मंदसौर की मृत्यु दिनांक02.04.2024 एवं इनकी पत्नि श्रीमती मुन्नीबाई की भी मृत्यु दिनांक 20.11.2019 को हो चुकी है। इनकी आल्टो कार जिसका रजिस्ट्रेशन क्रमांक एमपी 04 सीएन 8032 को इनके पुत्र राजू बाववरी ने अपने नाम पर अंतर्गण दर्ज कराने हेतु इस कार्यालय में मूल दस्तावेज प्रस्तुत किये है।

इस प्रकाशन अवधि के सात दिवस में यदि किसी को आपत्ति हो तो इसे कार्यालय में प्रस्तुत करें। इसके पश्चात वाहन श्री नुरुउद्दीन अली बागवाला के नाम से अंतरण कर दिया जावेगा।

**अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर**

## ✻✻✻✻ नाम परिवर्तन सूचना ✻✻✻✻

**मैं हैदर अली घड़ियाली पिता बाकिर अली घड़ियाली निवासी बोहरा गली मंदसौर ने बानो पिता अली हुसैन के साथ विधिवत निकाह किया है व इसके पूर्व पति मोईज भाई से पुत्री सकीना रावटीवाला हुई है जो वर्तमान में मेरे साथ मेरे संरक्षण में निवास कर रही है। जिसका नाम सकीना रावटीवाला के स्थान पर सकीना घड़ियाली तथा पिता के स्थान पर हैदर अली घड़ियाली रख लिया है। अत: आईन्दा से सकीना पिता मोईज भाई को सकीना घड़ियाली पिता हैदर अली घड़ियाली के नाम से जाना व पहचाना जावे।**

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in